**गर्मी की तैयारी** • जलसंकट न हो इसलिए नगर निगम ने पहले ही किया इंटकवेल का मेंटेनेंस

# ठंड के दिन बढ़ने से धोलावड़ में 390 मीटर पानी, ये बीते साल से आधा मीटर ज्यादा

- सोमवार को धोलावड़ का जल स्तर 390 मीटर रहा, फरवरी 2021 में यह 389.5 मीटर रहा था
- 19 सितंबर को पूरा भरा गया था धोलावड़ डेम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

गर्मी में इस बार पानी की कमी नहीं होगी क्योंकि धोलावड़ डैम में बीते साल से आधा मीटर ज्यादा पानी भरा है। इसका कारण ठंड का असर ज्यादा दिनों तक रहना है। सामान्यतः फरवरी में गर्मी तेज हो जाती है, इससे वाष्पीकरण के साथ ही सिंचाई के लिए ज्यादा पानी छोड़ना पड़ता है। इस साल अभी भी ठंड कंपकंपा रही है। इससे फसल पहले ही बहुत अच्छी तरह से पक चुकी फसलों को सिंचाई के लिए लिए कम पानी लग रहा है।

जल संसाधन विभाग नहरों में जरूरत के मुताबिक ही पानी छोड़ रहा है। 19 सितंबर 2021 को 394.50 मीटर पूरा भरकर लबालब हो चुके धोलावड़ में सोमवार तक 390 मीटर पानी था। 2021 में इसी दिन डेम का जलस्तर 389.50 मीटर था। गर्मी में दिक्कत न आए इसलिए नगर निगम ने इंटकवेल, वॉल्व, फिल्टर प्लांट का मेंटेनेंस करने के साथ लीकेज ठीक करना शुरू कर दिए हैं।

## राहत... नहीं होगा जलसंकट, सिंचाई के लिए भी मिलेगा भरपूर पानी



धोलावड़ का जलस्तर सोमवार को 390 मीटर रहा, फरवरी 2021 में 389.50 मीटर था।

### जानिए, धोलावड़ डेम के जलस्तर की स्थिति

395 मीटर क्षमता
394.5 मीटर 19 सितंबर 2021
390.00 मीटर 7 फरवरी 2022
389.50 मीटर 7 फरवरी 2021
380 मीटर डेड स्टोरेज

### शहर के पानी का गणित

34 से 35 एमएलडी वर्तमान जरूरत
31 से 32 एमएलडी मिल रहा
1 से 1.5 एमएलडी हैंडपंप, ट्यूबवैल से मिल रहा
1 से 2 एमलडी आपूर्ति में अंतर
40 से 41 एमलएलडी अप्रैल से जून तक जरूरत

### अप्रैल, मई जून माह में शहर के बाहरी क्षेत्रों में आ सकती है दिक्कत, टैंकरों से सप्लाई करेंगे

पानी की मांग और आपूर्ति में हालांकि अभी से 1 से 2 एमएलडी अंतर है। वर्तमान में जरूरत 34 से 35 एमएलडी की है, डेम से शहर तक 31 से 32 एमएलडी पानी ही पहुंच रहा है। यह मात्रा बढ़ाने के लिए जलप्रदाय अमला एक माह में 34 अवैध नल कनेक्शन काट चुका है। रोजाना तीन से चार लीकेज ठीक करवा रहे हैं। अभी शहर में 120 से ज्यादा छोटे-बड़े लीकेज हैं, जिन्हें सप्लाई के समय हजारों लीटर पानी बह जाता है। इसी कारण कुछ क्षेत्रों में पानी कम आने की शिकायत रहती है। नगर निगम ने तीन से पांच हजार लीटर वाले टैंकरों से पानी सप्लाई की योजना बनाई है।

### खेतलपुर और करमदी रोड के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में साफ हुए पानी का रियूज प्रारंभ

गंदा पानी साफ करने के लिए खेतलपुर और करमदी रोड के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट ने काम शुरू कर दिया है। इनसे निकलने वाले ट्रीटेड पानी का रियूज प्रारंभ हो गया है। फिलहाल निगम इसका उपयोग निर्माण कार्य में छिड़काव, बगीचों सहित अन्य कार्य में कर रहा है। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया गर्मी में जलप्रदाय में दिक्कत नहीं आएगी। डेम में भरपूर पानी है। मेंटेनेंस के साथ व्यवस्था सुधार रहे हैं। एसटीपी प्लांट में ट्रीटेड किए पानी का उपयोग भवन निर्माण, सिंचाई, उद्यान आदि के उपयोग के लिए नगर निगम से न्यूनतम दर पर लिया जा सकता है।

दै. भास्कर 8/2/22

# हाउस बुकिंग कराने वाले प्रत्येक व्यक्ति को बुलाकर कमिया पूछें, संतुष्ट होने के बाद हैंडओवर करें

## कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने परशु राम विहार कॉलोनी का निरीक्षण किया



रतलाम। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम विकास प्राधिकरण द्वारा बनाई जा रही परशुराम विहार कॉलोनी का निरीक्षण किया। कॉलोनी में प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 22 आवास निर्मित कराए गए हैं। इनमें 14 ईडब्ल्यूएस तथा शेष एल 1, एल 2 टाइप के आवास हैं। कलेक्टर ने निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि जिन व्यक्तियों द्वारा हाउस बुकिंग कराई गई है उन प्रत्येक व्यक्ति को उसके आवास पर बुलवाकर पूछे कि कोई कमी तो नहीं है। उसके द्वारा बताई गई कमी की पूर्ति की जाए, उसके बाद ही उसे हैंडओवर किया जाए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश व्यास, संपदा अधिकारी नायब तहसीलदार सुश्री पूजा भाटी, प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक श्री राजेश उपाध्याय आदि उपस्थित थे। कॉलोनी में प्राधिकरण द्वारा योजना के तहत आवास निर्माण कार्य लगभग पूर्ण कर दिया गया है। संभवतः 15 मार्च तक हैंडवर कर दिए जाएंगे। कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस आवासों की कीमत 11 लाख रुपए है तथा एल 1 आवासों का मूल्य 29 लाख तथा एल 2 आवासों का मूल्य 32 लाख रुपए है। प्राधिकरण का मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती भिड़े ने कलेक्टर को निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। कलेक्टर ने विभिन्न टाइप के आवासों में अंदर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया।

**गंगा सागर कॉलोनी क्षेत्र में वृक्षारोपण देखा**

परशुराम विहार कॉलोनी के निरीक्षण पश्चात कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम गंगासागर कॉलोनी के समीपस्थ क्षेत्र में एनएचएआई द्वारा किए गए वृक्षारोपण को देखने पहुंचे। क्षेत्र में लगभग 8000 पौधे लगाए गए हैं जिनको नियमित रूप से सिंचित किया जा रहा है। कलेक्टर ने मौजूद कार्यपालन यंत्री श्री मोहम्मद हनीफ शेख को निर्देशित किया कि प्रत्येक पौधे का थाला बड़े आकार में रखें ताकि ज्यादा मात्रा में पानी एकत्रित हो सके। इससे कम प्रयास में अधिक सिंचाई पौधों में हो सकेगी। इस क्षेत्र से मांगल्य मंदिर पहुंच मार्ग निर्माण की संभावना पर भी कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त के साथ विचार किया गया।

**प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया**

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने गंगासागर कॉलोनी के समीपस्थ बंजली क्षेत्र में बनाए गए प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया। यहां पर नगर निगम द्वारा 192 एलआईजी, 224 ईडब्ल्यूएस आवास निर्मित किए गए हैं। कॉलोनी में अधोसंरचना निर्माण प्रगति पर है। सामने खाली पड़ी भूमि पर 163 प्लाट डिवेलप किए जा रहे हैं जिनके समतलीकरण तथा पहुंच मार्ग के लिए कलेक्टर ने निर्देशित किया। स्वतंत्र

स्वतंत्र [illegible] 8/2/22

**कलेक्टर ने परशुराम विहार कॉलोनी का निरीक्षण करते हुए अमले को दिए निर्देश**, अग्निबाण 7

# हाउस बुकिंग कराने वाले हर व्यक्ति से कमियां पूछें, संतुष्ट होने के बाद करें हैंडओवर

● रतलाम

**कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम विकास प्राधिकरण द्वारा बनाई जा रही परशुराम विहार कॉलोनी का निरीक्षण किया। कॉलोनी में प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 22 आवास निर्मित कराए गए हैं। इनमें 14 ईडब्ल्यूएस तथा शेष एल 1, एल 2 टाइप के आवास हैं।**

कलेक्टर ने निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि जिन व्यक्तियों द्वारा हाउस बुकिंग कराई गई है उन प्रत्येक व्यक्ति को उसके आवास पर बुलवाकर पूछे कि कोई कमी तो नहीं है। उसके द्वारा बताई गई कमी की पूर्ति की जाए, उसके बाद ही उसे हैंडओवर किया जाए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती



जमुना भिड़े, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, संपदा अधिकारी नायब तहसीलदार सुश्री पूजा भाटी, प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक राजेश उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

कॉलोनी में प्राधिकरण द्वारा योजना के तहत आवास निर्माण कार्य लगभग पूर्ण कर दिया गया है। संभवत: 15 मार्च तक हैंडवर कर दिए जाएंगे। कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस आवासों की कीमत 11 लाख रुपए है तथा एल 1 आवासों का मूल्य 29 लाख तथा एल 2 आवासों का मूल्य 32 लाख रुपए है। प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती भिड़े ने कलेक्टर को निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया।

## गंगा सागर कॉलोनी क्षेत्र में पौधारोपण देखा

परशुराम विहार कॉलोनी के निरीक्षण पश्चात कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम गंगासागर कॉलोनी के समीपस्थ क्षेत्र में एनएचएआई द्वारा किए गए वृक्षारोपण को देखने पहुंचे। क्षेत्र में लगभग 8000 पौधे लगाए गए हैं जिनको नियमित रूप से सिंचित किया जा रहा है। कलेक्टर ने मौजूद कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख को निर्देशित किया कि प्रत्येक पौधे का थाला बड़े आकार में रखें ताकि ज्यादा मात्रा में पानी एकत्रित हो सके। इससे कम प्रयासों में अधिक सिंचाई पौधों में हो सकेगी। इस क्षेत्र से मांगल्य मंदिर पहुंच मार्ग निर्माण की संभावना पर भी कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त के साथ विचार किया गया।

कलेक्टर ने विभिन्न टाइप के आवासों में अंदर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया।

## प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने गंगासागर कॉलोनी के समीपस्थ बंजली क्षेत्र में बनाए गए प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया। यहां पर नगर निगम द्वारा 192 एलआईसी, 224 ईडब्ल्यूएस आवास निर्मित किए गए हैं। कॉलोनी में अधोसंरचना निर्माण प्रगति पर है। सामने खाली पड़ी भूमि पर 163 प्लाट डिवेलप किए जा रहे हैं जिनके समतलीकरण तथा पहुंच मार्ग के लिए कलेक्टर ने निर्देशित किया।

अग्निबाण 7/2/22

# हाउस बुकिंग कराने वाले प्रत्येक व्यक्ति को बुलाकर कमिया पूछें, संतुष्ट होने के बाद हैंडओवर करें

## कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने परशु राम विहार कॉलोनी का निरीक्षण किया

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम विकास प्राधिकरण द्वारा बनाई जा रही परशुराम विहार कॉलोनी का निरीक्षण किया। कॉलोनी में प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 22 आवास निर्मित कराए गए हैं। इनमें 14 ईडब्ल्यूएस तथा शेष एल 1, एल 2 टाइप के आवास हैं। कलेक्टर ने निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि जिन व्यक्तियों द्वारा हाउस बुकिंग कराई गई है उन प्रत्येक व्यक्ति को उसके आवास पर बुलवाकर पूछे कि कोई कमी तो नहीं है। उसके द्वारा बताई गई कमी की पूर्ति की जाए, उसके बाद ही उसे हैंडओवर किया जाए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, संपदा अधिकारी नायब तहसीलदार सुश्री पूजा भाटी, प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक राजेश उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

कॉलोनी में प्राधिकरण द्वारा योजना के तहत आवास निर्माण कार्य लगभग पूर्ण कर दिया गया है। संभवतः 15 मार्च तक हैंडवर कर दिए जाएंगे। कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस आवासों की कीमत 11 लाख रुपए है तथा एल 1 आवासों का मूल्य 29 लाख तथा एल 2 आवासों का मूल्य 32 लाख रुपए है। प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती भिड़े ने कलेक्टर को निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। कलेक्टर ने विभिन्न



टाइप के आवासों में अंदर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया।

**गंगा सागर कॉलोनी क्षेत्र में वृक्षारोपण देखा-** परशुराम विहार कॉलोनी के निरीक्षण पश्चात कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम गंगासागर कॉलोनी के समीपस्थ क्षेत्र में एनएचएआई द्वारा किए गए वृक्षारोपण को देखने पहुंचे। क्षेत्र में लगभग 8000 पौधे लगाए गए हैं जिनको नियमित रूप से सिंचित किया जा रहा है। कलेक्टर ने मौजूद कार्यपालन यंत्री श्री मोहम्मद हनीफ शेख को निर्देशित किया कि प्रत्येक पौधे का थाला बड़े आकार में रखें ताकि ज्यादा मात्रा में पानी एकत्रित हो सके। इससे कम प्रयासों में अधिक सिंचाई पौधों में सकेगी। इस क्षेत्र से मांगल्य मं पहुंच मार्ग निर्माण की संभावना भी कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त साथ विचार किया गया।

**प्रधानमंत्री आवासों निरीक्षण किया-** कलेक्टर कुम पुरुषोत्तम ने गंगासागर कॉलोनी समीपस्थ बंजली क्षेत्र में बनाए प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्ष किया। यहां पर नगर निगम द्वारा 19 एलआईसी, 224 ईडब्ल्यूए आवास निर्मित किए गए हैं। कॉलो में अधोसंरचना निर्माण प्रगति पर सामने खाली पड़ी भूमि पर 16 प्लाट डिवेलप किए जा रहे हैं जिन समतलीकरण तथा पहुंच मार्ग लिए कलेक्टर ने निर्देशित किया।

सिंघम- 7

सिंघम - 7/2/22

खेतलपुर व करमदी में निकलने वाले पानी का उपयोग निर्माण कार्य के लिए

# नया प्रयोग : अब बाजार से आधी कीमत पर नगर निगम देगा सिविल वर्क के लिए पानी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**रतलाम.** शहर के खेतलपुर व करमदी में नगर निगम ने सीवरेज के निकलने वाले गंदे पानी के ट्रीटमेंट के लिए प्लांट शुरू कर दिया है। इस प्लांट में से जो गंदा पानी साफ हो रहा है, वो अब बह रहा था, अब निगम ने उसको विभिन्न कार्यों में उपयोग करने की योजना बनाकर इसको अमल में ले आया है। करमदी में 21 एमएलडी तो खेतलपुर में 16.50 एमएलडी का प्लांट बनाया गया है। यहां से निकलने वाले पानी को सीविल कार्य सहित अन्य उपयोग तो किया ही जाएगा, इसके साथ - साथ बाजार में इसको निर्माण कार्य के लिए प्रचलित दर से 50 प्रतिशत कम में बिक्री की जाएगी।

इस समय खेतलपुर के प्लांट में से 3.50 एमएलडी तो करमदी के प्लांट में 4.50 एमएलडी पानी प्रतिदिन साफ हो रहा है। शहर में सीवरेज के काम के लिए अब तक 45 हजार आवास में से 27 हजार आवास को नगर निगम सीवरेज की लाइन से जोड़ चुका है। शेष आवास को जोड़ने के लिए काम चल रहा है। जैसे - जैसे कनेक्शन बढ़ते जाएंगे वैसे - वैसे सीवरेज के ट्रीटमेंट प्लांट में पानी साफ होने की मात्रा बढ़ती जाएगी। जब शहर के हर घर से सीवरेज का पानी जाएगा तो अधिक पानी साफ होगा।

## इससे मिलेगा ओडीएफ प्लस प्लस

असल में इस पूरे काम से न सिर्फ शहर में लाभ होगा, बल्कि नगर निगम को पानी के क्षेत्र में प्रतिष्ठित ओडीएफ प्लस - प्लस का प्रमाण पत्र भी मिल जाएगा। इस समय पानी के मामले में ओडीएफ प्लस - प्लस के क्षेत्र में देश में कुल 22 शहर व मध्यप्रदेश में सिर्फ इंदौर को यह मिला हुआ है।

## यह होगा उपयोग

नगर निगम सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के पानी का उपयोग शहर के बगीचों, सिचाई योजना, पेड़ - पौधों में डालने के लिए तो करेगी। इसके साथ - साथ विभिन्न निर्माण कार्यों में भी अब इस पानी का उपयोग होगा। इसके लिए टैंकर तय कर लिए गए है। इन टेंकर में वाटर मीटर लगाने का कार्य इसी सप्ताह हो जाएगा। इस पानी को बाजार से 50 प्रतिशत कम पर दिया जाएगा। शहर में पेयजल का जो निर्माण कार्य में उपयोग होता था, उस पर भी निगम प्रशासक व कलेक्टर के आदेश अनुसार रोक लगाने जा रहे है।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 8/2/22

# सोना खरा : सड़क खराब

## देशभर से चांदनीचौक आते हैं ग्राहक, यहां की सड़कों पर चलना मुश्किल

### खराब सड़क के कारण खरीदारों के मूड पर भी पड़ने लगा है असर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

चांदनीचौक शहर का प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र है। शहर का सोना खरा होने से यहां देशभर के ग्राहक खरीदी के लिए आते हैं। सोना और चांदी मिलाकर यहां रोज 5 करोड़ से ज्यादा का कारोबार होता है। यहां जितना सोना खरा है उतनी खराब यहां कि सड़क है। इतने गड्ढे हो रहे हैं कि रोड से गुजरना मुश्किल है। उड़ती धूल से ग्राहक, कारोबारी सभी परेशान हैं। अफसरों को कई बार शिकायत की, लेकिन रोड बनना तो दूर पेचवर्क तक नहीं किया जा रहा है। इससे ग्राहकों की नारागी भी बढ़ने लगी है।

### घास बाजार से चांदनीचौक तक रोड का एस्टीमेट तो बना, लेकिन सड़क नहीं



चांदनीचौक की सड़क जो पूरी तरह से जर्जर हो गई है।

घास बाजार से चांदनीचौक तक सड़क निर्माण की नगर निगम की प्लानिंग है। नगर निगम ने इसका एस्टीमेट तैयार किया है। क्षेत्र के रहवासी और व्यापारी जब भी नगर निगम से सड़क निर्माण की बात कहते हैं तो एक ही जवाब मिलता है एस्टीमेट बन गया है। बस जल्द ही रोड का निर्माण शुरू कर देंगे। लेकिन आज तक सड़क नहीं बन पाई है। इसके पहले सड़क दस साल पहले बनी थी। फिर किसी ने सुध नहीं ली।

### निरीक्षण कर लें तो पता चले

पूर्व एमआईसी सदस्य प्रेम उपाध्याय ने बताया 10 साल हो गए हैं। चौमुखीपुल से चांदनीचौक तक तो पूरी रोड ही खराब है। अधिकारी चौमुखीपुल से चांदनीचौक का निरीक्षण करें तो स्थित पता चल जाएगी।

### सराफा बाजार की कोई सुध लेने वाला नहीं है

सराफा एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य कीर्ति बड़जात्या ने बताया सड़क इतनी खराब कि गुजरना मुश्किल है। बारिश के बाद शहर के अन्य क्षेत्रों में तो सड़कों की रिपेयरिंग हो गई है, लेकिन सराफ बाजार में तो रिपेयरिंग तक नहीं हुई है। इतने गड्ढे हो रहे हैं कि गुजरना मुश्किल हो रहा है।

दै. भास्कर ४/२/२२

# जांच में अविवादित निकली बर्फ कारखाने की जमीन, रजिस्ट्री के बाद डेवलपमेंट शुरू

## शिकायतें बेबुनियाद, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हुई रजिस्ट्री

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम। बर्फ कारखाने वाली जमीन अविवादित है। शिकायतें बेबुनियाद पाई गई। मामले में प्रशासन दस्तावेज जांच चुका है। आपत्तिजनक तथ्य नहीं निकला। वहीं, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद जमीन की रजिस्ट्री हो चुकी है। फिलहाल डेवलपमेंट शुरू हो गया है।

शिकायतों के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बर्फ कारखाने की जमीन की जांच करवाई थी। अभी तक विवादित मानी जाने वाली जमीन को लेकर कोई उलझन सामने नहीं आई है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट पहले ही उत्तराखंड के उद्योगपति जोगेंद्रनाथ पुरी के पक्ष में फैसला दे चुका है। इसी आधार पर जमीन का सौदाकर रजिस्ट्री करवाई जा चुकी है। जानकारी के मुताबिक, जमीन पॉवर हाउस रोड की सर्वे नं 122 व 123 की लगभग पांच बीघा जमीन को तत्कालरन महाराजा ने 1946 में देहरादून उत्तराखंड के उद्योगपति आरबी रामरतन प्रेमनाथ को दी थी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के अनुसार बर्फ कारखाने की जमीन के सारे दस्तावेज की जांच हो चुकी है। जांच करने लायक कोई तथ्य सामने नहीं आया है।

### प्रशासन की जांच में बेबुनियाद पाई गईं शिकायतें

जानकारी अनुसार, प्रशासन की प्रारंभिक जांच में जमीन की शिकायतें बेबुनियाद साबित हुई हैं। रिकॉर्ड और जमीन से संबंधित दस्तावेज देखने के बाद प्रशासनिक अमला संतुष्ट नजर आ रहा है। बता दें, राजस्व विभाग 1975 में जोगेंद्र प्रसाद को भू-अधिकारी एवं ऋण पुस्तिका जारी कर चुका है। इसी आधार पर हुई कार्रवाई के बाद 2005-06 से खसरा नकल में जोगेंद्रनाथ का नाम भूमिस्वामी के रूप में दर्ज है। सरकारी अमले ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, सफलता नहीं मिल पाई। उल्टे कोर्ट प्रशासन पर पैनल्टी लगा चुका है।

दै. भास्कर 8/12/22

# सीवरेज ट्रीटेड पानी का पुनरोपयोग प्रारंभ

**रतलाम।** निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खेतलपुर व करमदी एसटीपी प्लांट में सीवरेज के ट्रीटेड किए गए पानी का पुनरोपयोग (रियूज) का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। नगर निगम द्वारा एसटीपी प्लांट में ट्रीटेड किए गए पानी का उपयोग भवन निर्माण, सिंचाई, उद्यान आदि के उपयोग के लिए नगर निगम से न्यूनतम दर प्राप्त कर सकते हैं। नगर निगम द्वारा इस पानी का उपयोग छिड़काव, उद्यान सहित अन्य कार्यों में किया जा रहा है।

## नालों की सफाई का कार्य जारी

**रतलाम।** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा शहर के नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा सोमवार को जवाहर नगर, लक्कड़पीठा व जाटों का वास नाले की सफाई की गई। कचरे को जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया।

नई.

नईदुनिया 8/2/22

# रतलाम का सांस्कृतिक वैभव विलक्षण है : विधायक

## स्थापना दिवस की संध्या पर हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम**

रतलाम स्थापना दिवस की शाम सांस्कृतिक संध्या से सराबोर हुई। गुलाब चक्कर में आयोजित रतलाम गौरव दिवस आयोजन में विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप ने कहा कि रतलाम का सांस्कृतिक वैभव विलक्षण है। यहां की प्रतिभाओं ने देशभर में नाम रोशन किया है। प्रतिभाओं को निखारने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे आयोजन हमारे इस वैभव में और वृद्धि करते हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री काश्यप ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, रतलाम स्थापना दिवस महोत्सव समिति के संयोजक मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष प्रवीण सोनी, सचिव मंगल लोढ़ा, मोहनलाल धभाई, गोपाल शर्मा, प्रदीप उपाध्याय, अशोक पोरवाल, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया, उपायुक्त विकास सोलंकी भी मौजूद रहे। स्वागत उदबोधन मुन्नालाल शर्मा ने दिया। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया । आभार मंगल लोढ़ा ने व्यक्त किया।



### रतलाम का गौरव गान हुआ

सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों ने रतलाम का गौरव गान किया। राजेश पंडित एवं ग्रुप के कलाकारों संगीता जैन, जितेंद्र चौहान मनोज जोशी, पुलकित निगम सहित रिदम ग्रुप के दिनेश भंवरिया, कहना है बैंड के असीम पंड्या एवं कलाकारों ने प्रभावी प्रस्तुति दी। सरलास डांस ग्रुप ने अंशु मिश्रा के नेतृत्व में सामूहिक नृत्य के माध्यम से लोक संस्कृति एवं राष्ट्रीय एकता की प्रस्तुति दी।

### गुलाब चक्कर सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ हुआ

विधायक श्री काश्यप एवं उपस्थित अतिथियों ने इस अवसर पर गुलाब चक्कर के सौंदर्यीकरण एवं बैंडस्टैंड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। गुलाब चक्कर में उक्त कार्य जनभागीदारी से होना है, जिसके माध्यम से रतलाम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, कलाप्रेमी नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

सिंघम 7/12/22

# इस बार स्वच्छता रैंकिंग में कोई भी निकाय हंड्रेड से बाहर नहीं रहे

रतलाम। इस बार की स्वच्छता रैंकिंग में जिले का कोई भी नगरीय निकाय 100 से बाहर नहीं जाए, यह सुनिश्चित करें। इसके लिए अभी से पूरी तैयारियां की जाएं। उक्त निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के नगर पालिका अधिकारियों की बैठक में दिए। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक भी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने सभी नगरपालिका अधिकारियों से उनकी तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं के लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी अधिकारी मेहनत के साथ कार्य करें। इस फरवरी तथा मार्च में किसी को भी अवकाश नहीं दिया जाएगा। बैंकों से लक्ष्य पूर्ति के लिए कोई भी समस्या अपने एसडीएम साथ शेयर करें, वहां से हल नहीं होने पर कलेक्टर स्तर से बात की जाए। स्वच्छता रैंकिंग पर चर्चा के दौरान नामली, जावरा, सैलाना, पिपलौदा को 3 स्टार रैंकिंग हासिल करने के लिए पुरजोर प्रयास हेतु निर्देशित किया। सभी नगर पालिका अधिकारियों को अपने कार्य क्षेत्र में प्रातः 6 से 8 तक भ्रमण करके फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा इस दौरान डोर-टू-डोर वाहन कचरा कलेक्शन, कचरा प्रथकीकरण, प्लांट स्थापना, कंपोस्ट निर्माण, डस्टबिन इत्यादि बिंदुओं पर समीक्षा की गई।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 8/2/22



# इस बार स्वच्छता रैंकिंग में कोई भी निकाय हंड्रेड से बाहर नहीं रहे

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

इस बार की स्वच्छता रैंकिंग में जिले का कोई भी नगरीय निकाय 100 से बाहर नहीं जाए, यह सुनिश्चित करें। इसके लिए अभी से पूरी तैयारियां की जाएं। उक्त निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के नगर पालिका अधिकारियों की बैठक में दिए। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक भी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी नगरपालिका अधिकारियों से उनकी तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं के लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी अधिकारी मेहनत के साथ कार्य करें। इस फरवरी तथा मार्च में किसी को भी अवकाश नहीं दिया जाएगा। बैंकों से लक्ष्य पूर्ति के लिए कोई भी समस्या अपने एसडीएम साथ शेयर करें, वहां से हल नहीं होने पर कलेक्टर स्तर से बात की जाए।

## कलेक्टर ने नगरपालिका अधिकारियों की बैठक आयोजित की

स्वच्छता रैंकिंग पर चर्चा के दौरान नामली, जावरा, सैलाना, पिपलौदा को 3 स्टार रैंकिंग हासिल करने के लिए पुरजोर प्रयास हेतु निर्देशित किया। सभी नगर पालिका अधिकारियों को अपने कार्य क्षेत्र में प्रातः 6 से 8 तक भ्रमण करके फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा इस दौरान डोर-टू-डोर वाहन कचरा कलेक्शन, कचरा प्रथकीकरण, प्लांट स्थापना, कंपोस्ट निर्माण, डस्टबिन इत्यादि बिंदुओं पर समीक्षा की गई। इसके अलावा नगरीय निकायों में स्वयं सहायता समूह के गठन, प्रधानमंत्री स्व निधि, सीएम स्ट्रीट वेंडर योजना की प्रगति की समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। प्रसारण

प्रसारण 8/2/22

# '14420' पर सफाई की शिकायत, 24 घंटे में करें हल

वर्ष

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 : तैयारियों में तेजी, फीडबैक में युवाओं की राय अहम होगी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के लिए नगर निगम ने तैयारी कर ली है। अब सफाई में कसावट के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। खास बात यह है कि इस बार सिटीजन फीडबैक में युवाओं की भूमिका भी अहम रहेगी। इसके चलते निगम रात्रिकालीन सफाई के साथ ही जागरूकता पर भी जोर दे रहा है। इधर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में अभी भी ध्यान देने की जरूरत है। कई वार्डों में वाहनों के दो से तीन दिन में आने की शिकायत लगातार आ रही है।

सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया कि वे अपने हेल्पलाइन कंट्रोल रूम नंबर 14420 पर आने वाली सफाई एवं ड्रेनेज संबंधी शिकायतों का निराकरण 24 घंटे में करवाएं। आयुक्त ने बताया कि नगर निगम स्वच्छता के संबंध में मोबाइल एप भी बनवा रहा है, जिस पर शिकायत दर्ज की जा सकेगी।

**होटलों, कार्यालयों में होगी सबसे स्वच्छ कौन प्रतियोगिता -** स्वच्छता के प्रति आमजन में जागरूकता के लिए जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा शहर में सबसे स्वच्छ कौन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि शहर की होटलों, रेस्टोरेंट, वार्डों, मोहल्लों, शासकीय कार्यालयों और ऐसे तमाम क्षेत्रों के मध्य सबसे ज्यादा स्वच्छ कौन प्रतियोगिता आयोजित कर उनको सबसे स्वच्छ होने का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। कलेक्टर ने निगम आयुक्त, सिटी एसडीएम तथा सहायक संचालक टीएनसीपी की एक समिति भी गठित की गई है जो प्रतियोगिता आयोजन से लेकर निर्णय तक समस्त प्रक्रिया संपादित करवाएगी। प्रतियोगिता के संबंध में कार्रवाई इसी सप्ताह से शुरू कर दी जाएगी।

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में हैं 7500 अंक :** स्वच्छता सर्वेक्षण 7500 अंकों का होगा। इसमें तीन हजार अंक सर्विस लेवल प्रोग्रेस, 2250 अंक सिटीजन वाइस और 2250 अंक सर्टिफिकेशन के होंगे। सिटीजन वाइस में शहर की जनता को भी इस बार अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। सिटीजन वाइस के 600 अंक हैं, जिनमें से 200 अंक तो युवाओं पर निर्भर होंगे और 400 अंक दिलाने में शहर के सीनियर सिटीजन की भूमिका अहम होगी।

### आमजन का फीडबैक भी बनाएगा शहर को स्वच्छ

28 फरवरी 2022 तक सिटीजन फीडबैक दिया जा सकता है। यह फीडबैक क्यूआर कोड, स्वच्छता एप, माई जीओवी, फेस टू फेस, स्वच्छता सर्वेक्षण पोर्टल व 1969 हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से दिया जा सकता है। युवाओं से 10 सवाल पूछे जाएंगे। किन्हीं चार का सही जवाब 200 अंक दिला देगा। सीनियर सिटीजन से 160 अंक के लिए सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट, 160 अंक के लिए सस्टेनेबल सेनिटेशन और 80 अंक के लिए पब्लिक अवेयरनेस के तहत पूछे गए सवालों में चार-चार प्रश्नों का सही जवाब सौ प्रतिशत अंक दिला देगा। सिटीजन इंगेजमेंट के लिए 550 अंक हैं। इसमें वार्ड आत्मनिर्भर बनाने होंगे। स्वच्छता एप की शिकायतों को निर्धारित अवधि में दूर करना होगा। उनका उचित रिकार्ड 400 अंक दिलाने में सहायक होंगे।

### स्वच्छता रैंकिंग में कोई भी निकाय टाप 100 से बाहर नहीं रहे

इस बार की स्वच्छता रैंकिंग में जिले का कोई भी नगरीय निकाय टाप 100 से बाहर नहीं जाए, यह सुनिश्चित करें। इसके लिए अभी से पूरी तैयारियां की जाएं। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के नगर पालिका अधिकारियों की बैठक में दिए। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक भी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी नगर पालिका अधिकारियों से उनकी तैयारियो के बारे में जानकारी ली और कहा कि इस फरवरी तथा मार्च में किसी को भी अवकाश नहीं दिया जाएगा। बैंकों से लक्ष्य पूर्ति के लिए कोई भी समस्या अपने एसडीएम साथ शेयर करें, वहां से हल नहीं होने पर कलेक्टर स्तर से बात की जाए। नामली, जावरा, सैलाना, पिपलौदा को थ्री स्टार रैंकिंग हासिल करने के लिए पुरजोर प्रयास करने के लिए निर्देशित किया। सभी नगर पालिका अधिकारियों को अपने कार्य क्षेत्र में प्रात: छह से आठ बजे तक भ्रमण करके फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा डोर-टू-डोर वाहन कचरा कलेक्शन, कचरा पृथक्कीकरण, प्लांट स्थापना, कंपोस्ट निर्माण, डस्टबिन आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गई।

नईदुनिया 8/2/22

भाजपा पदाधिकारी ने उठाए सवाल

# शहर में रात की सफाई : सिर्फ वीआईपी मोहल्लों पर ही ध्यान



पत्रिका न्यूज पंच

## मध्यमवर्गीय परिवार जहां रहते है, उस और अब तक रात की सफाई वाली टीम नहीं पहुंची

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में नगर निगम ने रात्रिकालीन सफाई की शुरुआत की है। इस कार्य में पूरा ध्यान शहर के वीआईपी मोहल्लों पर तो दिया जा रहा है, लेकिन शहर के मध्यमवर्गीय परिवार जहां रहते है, उस और अब तक रात की सफाई वाली टीम नहीं पहुंची है। इस सफाई व्यवस्था पर अब भाजपा की पदाधिकारी सोना शर्मा ने ही सवाल उठा दिए है।

पिछले एक माह से सफाई कार्य की शुरुआत रात में कलेक्टर कार्यालय के मार्ग से होती है व बाजार के प्रमुख क्षेत्रों से होती हुई बाजना बस स्टैंड तक पहुंचती है। ऐसे में शहर के नगर निगम, पैलेस रोड, थावरिया बाजार, बड़बड़ क्षेत्र, राममंदिर, हरदेवलाला पीपली कस्तुरबा नगर, जवाहर नगर जैसे क्षेत्र अब तक इस सफाई में शामिल नहीं हो पाए है। ऐसे में अब इन क्षेत्रों में रहने वाले लोग नाराज हो रहे है।

### इन्होंने उठाए है सवाल

रात्रिकालीन सफाई करने वाले कर्मचारियों को स्वच्छता कार्य के साथ - साथ फोटो व वीडियो भी आयुक्त द्वारा बनाए गए ग्रुप में डालना होते है। सोमवार को इसी ग्रुप में भाजपा की जिला पदाधिकारी सोना विजय शर्मा ने वार्ड नंबर पांच में व्याप्त कचरे के फोटो डाल दिए। ऐसे में रात से लेकर दिनभर होने वाली सफाई पर अब सवाल उठने लग गए है।

### बाजार प्रमुख लक्ष्य

स्वच्छता कार्य में भेदभाव की बात नहीं है। रात्रि में प्रमुख बाजार क्षेत्र को स्वच्छता के लिए चयनीत किया गया है। अगर किसी क्षेत्र में दिन में सफाई नहीं होती है तो मुझे 7471144900 नंबर पर फोटो कोई भी भेज सकता है।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका ८/२/२२

# मार्च तक बकाया वसूली शत-प्रतिशत करने के निर्देश



बकाया वसूली की समीक्षा करते हुए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया। • नईदुनिया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के संपतिकर, जलकर, राजस्व, लायसेंस, विकास शाखा आदि विभागों की बकाया वसूली की समीक्षा बैठक लेकर मार्च 2022 तक शत प्रतिशत बकाया वसूली के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित सहायक राजस्व उपनिरीक्षक विजय कपूर, स्थायीकर्मी मुकेश मेहता व आनंद नीमा का एक दिन का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित सहित संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे। नई.

नईदुनिया 8/2/22

## राजस्व के 3 कर्मचारियों का वेतन काटा

रतलाम | बकाया वसूली की समीक्षा करने के लिए बुलाई बैठक में नहीं आने पर राजस्व विभाग के तीन कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटा गया है। सहायक राजस्व उप निरीक्षक विजय कपूर, स्थायीकर्मी मुकेश मेहता व आनंद नीमा शामिल हैं। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने तीनों को नोटिस भी जारी किया है।

आयुक्त ने अफसरों से मार्च 2022 तक 100 प्रतिशत वसूली के लिए कहा। अनुमति से अधिक क्षेत्रफल में बने भवनों की नपती कर पांच गुना अधिभार वसूला जाए, औद्योगिक क्षेत्र का सर्वे कर संबंधितों से विवरणी भरवाई जाकर संपत्तिकर का बिल दिया जाए। जलप्रदाय विभाग 10 हजार से अधिक का जलकर नहीं भरने वाले बकायादार पर नल कनेक्शन 8 फरवरी से काटने की कार्रवाई करें। आयुक्त ने लाइसेंस विभाग, विकास शाखा सहित अन्य विभागों से अपडेट लिया।

दे. भास्कर 8/2/22

निगम के करो की बकाया वसूली मार्च तक 100 प्रतिशत करने की कवायद

# बकायादार की दुकान होगी सील, कटेंगे नल कनेक्शन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. विभिन्न कर की वसूली में पीछे चल रहे नगर निगम में इसको बढ़ाने के लिए अब नगर निगम अधिकारी सख्त हुए हैं। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक लेकर 10 मार्च तक 100 प्रतिशत वसूली करने को कहा है। मंगलवार से 10 हजार से अधिक बकायादार की दुकान सील करने से लेकर घरेलू नल कनेक्शन काटने का निर्णय बैठक में लिया गया।

निगम आयुक्त झारिया ने निगम के संपत्तिकर, जलकर, राजस्व, लायसेंस, विकास शाखा आदि विभागों की बकाया वसूली की समीक्षा बैठक लेकर मार्च तक 100 प्रतिशत बकाया वसूली करने कहा है। निगम आयुक्त झारिया ने संपत्तिकर बकाया वसूली की जानकारी लेकर बैठक में कहा किया कि ऐसे भवन स्वामी जिनके द्वारा विवरणी में बताए गये क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्रफल का भवन नपती के बाद प्राप्त हुआ है उन्हे अंतर की राशि का पांच गुना अधिभार का बिल प्रस्तुत कर राशि वसूल की जाये।

## आज से काटेंगे नल कनेक्शन

जलप्रदाय विभाग की समीक्षा करते हुए निगम आयुक्त झारिया ने कहा किया 10 हजार से अधिक की राशि वाले बकायादार यदि बकाया कर नहीं जमा कराते है तो 8 फरवरी से उनके नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जाये। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अवैध से वैध नल संयोजन की कार्यवाही नियमानुसार की जाये ताकि शहर में अवैध नल संयोजनों को समाप्त किया जा सकें।

निगम आयुक्त झारिया ने राजस्व विभाग की बकाया वसूली की समीक्षा करते हुए कहा कि ऐसे दुकानदार जिनकी बकाया राशि 10 हजार से अधिक है उनसे बकाया राशि वसूल की जाये अन्यथा उनकी दुकाने सील करने की कार्यवाही मंगलवार से शुरू की जाए। पत्रिका

आयोजित बैठक में अनुपस्थित सहायक राजस्व उप निरीक्षक विजय कपूर, स्थायीकर्मी मुकेश मेहता व आनन्द नीमा का एक दिन का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया है। लायसेंस विभाग की बकाया वसूली की समीक्षा के दौरान निगम आयुक्त झारिया ने कहा कि नगर में बिना लायसेंस दुकान संचालित करने वालों का सर्वे शुरू किया जाये। इसके अलावा विकास शाखा की संपत्तियों के डाक्यूमेंटेशन का कार्य किये जाने व कम्पाउडिंग के नोटिस जारी करने को कहा। आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी सहित अन्य उपस्थित रहे।

पत्रिका 8/2/22

# स्वच्छता में कोई भी 100 से बाहर नहीं रहे



रतलाम. इस बार की स्वच्छता रैंकिंग में जिले का कोई भी नगरीय निकाय 100 से बाहर नहीं जाए, यह सुनिश्चित करें। इसके लिए अभी से पूरी तैयारियां की जाएं। यह निर्देश मंगलवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के नगर पालिका अधिकारियों की बैठक में दिए। स्वच्छता रैंकिंग पर चर्चा के दौरान नामली, जावरा, सैलाना, पिपलौदा को 3 स्टार रैंकिंग हासिल करने के लिए पुरजोर प्रयास के लिए निर्देशित किया। सभी नगर पालिका अधिकारियों को अपने कार्य क्षेत्र में प्रातः 6 से 8 तक भ्रमण करके फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान डोर-टू-डोर वाहन कचरा कलेक्शन, कचरा प्रथकीकरण, प्लांट स्थापना, कंपोस्ट निर्माण, डस्टबिन इत्यादि बिंदुओं पर समीक्षा की गई। इसके अलावा नगरीय निकायों में स्वयं सहायता समूह के गठन, प्रधानमंत्री स्व निधि, सीएम स्ट्रीट वेंडर योजना की प्रगति की समीक्षा कलेक्टर [illegible]

पत्रिका 8/2/22

# इस बार स्वच्छता रैंकिंग में कोई भी निकाय हंड्रेड से बाहर नहीं रहे

## कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारियों की बैठक आयोजित की



रतलाम » दबंग रिपोर्टर

इस बार की स्वच्छता रैंकिंग में जिले का कोई भी नगरीय निकाय 100 से बाहर नहीं जाए, यह सुनिश्चित करें। इसके लिए अभी से पूरी तैयारियां की जाएं। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के नगर पालिका अधिकारियों की बैठक में दिए। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक भी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी नगरपालिका अधिकारियों से उनकी तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं के लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी अधिकारी मेहनत के साथ कार्य करें। इस फरवरी तथा मार्च में किसी को भी अवकाश नहीं दिया जाएगा। बैंकों से लक्ष्य पूर्ति के लिए कोई भी समस्या अपने एसडीएम साथ शेयर करें, वहां से हल नहीं होने पर कलेक्टर स्तर से बात की जाए।

स्वच्छता रैंकिंग पर चर्चा के दौरान नामली, जावरा, सैलाना, पिपलौदा को 3 स्टार रैंकिंग हासिल करने के लिए पुरजोर प्रयास हेतु निर्देशित किया। सभी नगर पालिका अधिकारियों को अपने कार्य क्षेत्र में प्रातः 6:00 से 8:00 तक भ्रमण करके फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा इस दौरान डोर-टू-डोर वाहन कचरा कलेक्शन, कचरा प्रथकीकरण, प्लांट स्थापना, कंपोस्ट निर्माण, डस्टबिन इत्यादि बिंदुओं पर समीक्षा की गई। इसके अलावा नगरीय निकायों में स्वयं सहायता समूह के गठन, प्रधानमंत्री स्व निधि, सीएम स्ट्रीट वेंडर योजना की प्रगति की समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। दबंग

दबंग दुनिया / 8/2/22

दृष्टिगत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा को निर्देशित किया कि वे जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में पहुंचकर स्टूडेंट को योजना की जानकारी दें ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा उक्त योजना का लाभ उठाकर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की मंशानुसार उद्यमी बन सके और दूसरों को भी रोजगार दे सके।

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया कि रतलाम विकासं प्राधिकरण के प्लाटों की रेरा पेंडेंसी शीघ्र क्लियर कराई जाँए। इसके लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट की मदद से समय सीमा में कार्य करें।

बैठक में आपूर्ति विभाग द्वारा बताया गया कि आगामी रबी में गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन जिले में विभिन्न पंजीयन केंद्र पर शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन खरीदी केंद्रों की पूर्व में शिकायत आई है वहां इस बार केंद्र नहीं बनाया जाएगा। जिले के समस्त वेयर हाउस पर केंद्र बनाए जाएं।

जिले में लगभग 600 स्टॉपडेम की मरम्मत की जाना है। उक्त कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को सौंपा गया है परंतु विभाग द्वारा अब तक संतुष्टिदायक ढंग से एस्टीमेट भी तैयार नहीं किए जा सके हैं। मात्र 42 काम शुरू हुए हैं, कार्य में देरी हो रही है। कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए मंगलवार शाम तक समस्त कार्यों के प्राकलन एवं प्रशासकीय स्वीकृति पूर्ण कराने के निर्देश दिए अन्यथा विभाग के उपयंत्रियों के कॉन्ट्रैक्ट का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि समस्त स्टापडेम मरम्मत कार्य 15 अप्रैल तक पूर्ण होना चाहिए।



## स्वास्थ्य कार्यक्रमों में एसडीएम लीड करें

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम जिले में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु अग्रणी भूमिका अदा करें। नेतृत्व क्षमता के साथ स्वास्थ्य कार्यक्रमो में लीड करें। प्रसूति सहायता प्रकरण की पेंडेंसी नही रहे, यह सुनिश्चित किया जाए।

## परशुराम विहार कॉलोनी में 10 मार्च तक गृह प्रवेश

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि रतलाम विकास प्राधिकरण द्वारा बनाई गई परशुराम विहार कॉलोनी में प्रधानमंत्री को स्वनिधि योजना अंतर्गत बनाए गए ईडब्ल्यूएस तथा अन्य टाइप के मकानों में आगामी 10 मार्च तक गृह प्रवेश लोगों को कराया जाना है। मकानों के शेष सिविल वर्क तत्काल पूर्ण कराए जाए।

## मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा

बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के समीक्षा में बताया गया कि जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक के पास बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित है। इसके अलावा राजस्व विभाग की 376 शिकायतें लंबित है। नजूल की 24, जिला चिकित्सालय की 15, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी की 24 शिकायतें लंबित है। कृषि विभाग की शिकायतें भी बढ़ती जा रही है। कलेक्टर ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिए कि वे सभी बैंक शाखा प्रबंधकों से व्यक्तिगत रूप से फोन करके शिकायतों का निराकरण कराएं।

## अगर किसी गाय की मृत्यु हुई तो सबसे पहले वेटरनरी डॉक्टर होगा सस्पेंड

बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम.को निर्देश दिए कि जिले की गौशालाओं का नियमित रूप से निरीक्षण करते रहे। पशु चिकित्सा विभाग गौशालाओं में गायों की सतत देखभाल करें। यदि किसी गाय की मृत्यु होती है, तो सबसे पहले वेटरनरी डॉक्टर को सस्पेंड किया जाएगा। कलेक्टर ने गोवंश के लिए भूसे की व्यवस्था हेतु जनपदों के सीईओ तथा मंडियों के सचिवो को निर्देशित किया।

## उपसंचालक उद्यानिकी के प्रति सख्त नाराजगी

उद्यानिकी विभाग की हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा में कलेक्टर, उपसंचालक उद्यानिकी श्री कनेल के प्रति सख्त नाराज हुए कलेक्टर ने कहा कि आपके द्वारा मुझसे एक माह से योजनाओं के संबंध में बात नहीं की गई। इससे स्पष्ट होता है की आपके द्वारा काम नहीं किया गया। उपसंचालक ने बताया कि विभाग का लक्ष्य 55 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का है जिसमें से 7 प्रकरणों में स्वीकृति हुई है। कलेक्टर ने कहा कि आप मेहनत करके लक्ष्य अर्जित करें, ढीला ढाला काम नहीं चलेगा। आगामी सोमवार तक प्रगति लाएं।

## इतना सारा स्टाफ फिर भी शिक्षा विभाग काम नही करता

मुख्यमंत्री एटरीब्यूट की समीक्षा में कलेक्टर ने बताया कि शिक्षा विभाग रतलाम की रैंकिंग 38 है। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा विभाग के पास इतना स्टाफ है, उसके बावजूद भी काम नही किया जा रहा है।

**सफाई ड्रेनेज कार्यों के लिए 14420 पर फोन करें** - बैठक में कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया कि वह अपने हेल्पलाइन कंट्रोल रूम नंबर 14420 पर आने वाली सफाई एवं ड्रेनेज संबंधी शिकायतों का निराकरण 24 घंटे में करवाए। बताया गया कि नगर निगम स्वच्छता के संबंध में मोबाइल एप भी बनवाएगा, जिस पर शिकायत दर्ज की जा सकेगी।

**नवजात शिशुओं की मृत्यु का महिला बाल विकास विभाग करेगा डेथ ऑडिट** - बैठक मे कलेक्टर ने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि मातृ एवं शिशु चिकित्सालय मे यह सुनिश्चित किया जाए कि नवजात शिशुओ की डेथ नहीं हो, बेहतर से बेहतर उपचार प्रदान किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अब तक जो भी नवजात शिशु मृत्यु हुई है उनकी सूची महिला बाल विकास विभाग को दी जाए जिसके द्वारा डेथ ऑडिट किया जाएगा। विभाग के सीडीपीओ उन बच्चो के घर जाकर माता-पिता से जानकारी लेंगे, क्या परिस्थितियां रही, कैसे मृत्यु हुई।

**आयुष्मान कार्ड के लिए शहर में वार्डवार कैंप लगेंगे** - बैठक में कलेक्टर ने रतलाम शहर में आयुष्मान कार्ड निर्माण में अपेक्षित प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया कि नगर निगम और शहर एसडीएम समन्वय के साथ कार्य करें। शहर में वार्डवार आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए कैंप लगाया जाए।

**रतलाम शहर में 1000 से अधिक श्वानों का बध्याकरण किया गया** - बैठक में निगम आयुक्त ने बताया कि जुलवानिया स्थित श्वान बध्याकरण केंद्र पर बीते सप्ताह तक 1000 से ज्यादा श्वानों का बध्याकरण किया गया। कलेक्टर ने उक्त कार्य में उपसंचालक वेटरनरी को समन्वय के निर्देश दिए। बताया गया कि बंध्याकरण के साथ-साथ रेबीज के इंजेक्शन भी केंद्र पर लगाए जा रहे हैं। प्रसारित

प्रसारित 8/2/22





स्वतंत्र लेखनी ४/२/२२

स्थापना

# रतलाम का सांस्कृतिक वैभव विलक्षण है- विधायक श्री काश्यप

## स्थापना दिवस की संध्या पर हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

रतलाम। रतलाम स्थापना दिवस की शाम सांस्कृतिक संध्या से सराबोर हुई। गुलाब चक्कर में आयोजित रतलाम गौरव दिवस आयोजन में विधायक रतलाम शहर श्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि रतलाम का सांस्कृतिक वैभव विलक्षण है। यहां की प्रतिभाओं ने देशभर में नाम रोशन किया है। प्रतिभाओं को निखारने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे आयोजन हमारे इस वैभव में और वृद्धि करते हैं । कार्यक्रम की शुरुआत श्री काश्यप ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री हिम्मत कोठारी, कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, जिला पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक तिवारी, रतलाम स्थापना दिवस महोत्सव समिति के संयोजक श्री मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष श्री प्रवीण सोनी, सचिव श्री मंगल लोढ़ा, श्री मोहनलाल धभाई, श्री गोपाल शर्मा , श्री प्रदीप उपाध्याय, श्री अशोक पोरवाल, नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी भी मौजूद रहे। स्वागत उद्बोधन श्री मुन्नालाल शर्मा ने दिया। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष दशोत्तर ने किया । आभार श्री मंगल लोढ़ा ने व्यक्त किया।

**रतलाम का गौरव गान हुआ-** सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों ने रतलाम का गौरव गान किया। श्री राजेश पंडित एवं ग्रुप के कलाकारों संगीता जैन, श्री जितेंद्र चौहान श्री मनोज जोशी, श्री पुलकित निगम सहित रिदम ग्रुप के श्री [illegible] एवं कलाकारों ने प्रभावी प्रस्तुति दी। सरलास डांस ग्रुप ने अंशु मिश्रा के नेतृत्व में सामूहिक नृत्य के माध्यम से लोक संस्कृति एवं राष्ट्रीय एकता की प्रस्तुति दी।

**गुलाब चक्कर सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ हुआ-** विधायक श्री काश्यप एवं उपस्थित अतिथियों ने इस अवसर पर गुलाब चक्कर के सौंदर्यीकरण एवं बैंडस्टैंड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। गुलाब चक्कर में उक्त कार्य जनभागीदारी से होना हैं, जिसके माध्यम से रतलाम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, कलाप्रेमी नागरिक , अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

## होटलों, कार्यालयों आदि के मध्य होगी सबसे स्वच्छ कौन प्रतियोगिता

